राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9798431468

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–04/2022

राज्यपाल ने श्री गुरू गोबिन्द सिंह जी के 355वें प्रकाश पर्व के अवसर पर सभी बिहारवासियों व देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ दी

पटना, 08 जनवरी, 2022 :– महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने श्री गुरू गोबिन्द सिंह जी के 355वें प्रकाश पर्व के पावन अवसर पर सभी बिहारवासियों व देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी है।

राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा है कि सिखों के दसवें गुरू और खालसा पंथ के संस्थापक गुरू गोबिन्द सिंह जी एक महान दार्शनिक, योद्धा, कवि एवं आध्यात्मिक नेता थे। वह त्याग और वीरता की प्रतिमूर्ति थे। उन्होंने शांति, प्रेम, एकता, समानता और स्वावलंबन का मार्ग दिखाया था।

उन्होंने कहा है कि श्री गुरू गोबिन्द सिंह का जीवन व उनके संदेश हमारे लिए अत्यन्त प्रासंगिक हैं और सच्चाई की राह पर चलते हुए चुनौतियों का सामना करने की प्रेरणा देते हैं।

राज्यपाल ने इस प्रकाश पर्व को कोरोना के बढ़ते संक्रमण से बचाव हेतु निर्धारित प्रोटोकॉल का पालन करते हुए मनाने की अपील की है।

....